## Headline

1. Kuwait: मंगफ अग्निकांड पीड़ितों के परिजनों को 12.5 लाख रुपये का मुआवजा देगी कुवैत सरकार, दूतावास से मिलेगी रकम
2. Chandigarh: बेटी श्रुति चौधरी के साथ भाजपा में शामिल हुईं किरण चौधरी, दिल्ली मुख्यालय में थामा कमल
3. Sensex Opening Bell: शेयर बाजार में नए रिकॉर्ड बनना जारी; सेंसेक्स 135 अंक चढ़ा, निफ्टी 23600 के करीब
4. UP: आकाश आनंद की वापसी को लेकर संशय बरकरार... मायावती के इस फैसले के बाद साधी चुप्पी; सक्रियता भी हुई कम
5. Canada: अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा कनाडा, एक आतंकी की याद में संसद में रखा गया मौन
6. यूपी में उपचुनाव: 'इंडिया' टूटेगा या बचेगा? इन दो राज्यों में मिलेंगी सीटें तो ही कांग्रेस को हिस्सा देगी सपा
7. Haj Yatra: मक्का में भीषण गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, 50 डिग्री के पार तापमान; अब तक 550 जायरीनों की मौत

सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 337 | इंदौर, बुधवार 19 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# निमाड़ में मानसून का इंतजार, खेत तैयार

## मानसून की आस में आसमां पर टक-टकी लगाए बैठा किसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विगत दिनों हुई प्री-मानसून की रिमझिम बारिश के बाद अब झमाझम बारिश के लिए सभी की निगाहें आसमान पर टिकी हुई हैं। उमस में दिन कट रहे हैं और किसानों को मानसून के एक्टिव होने का इंतजार है। मानसून के इंतजार कराने के चलते किसान परेशान हैं, क्योंकि उनके खेत तैयार हैं और वे मानसून की आस में आसमां पर टक-टकी लगाए बैठे हैं।



इस इंतजार के बीच मंगलवार को निमाड़ के खंडवा सहित आसपास के जिलों में तापमान बढकर 39 डिग्री के आसपास पहुंच गया। बादल आते हैं, गरजकर चले जाते हैं। दो-चार प्रतिशत किसानों ने बोवनी कर दी। सोयाबीन ऊग भी आया। अब वे किसान घबरा रहे हैं कि एक-दो दिन में पानी नहीं आया तो, खेल खत्म हो जाएगा।

खासकर अधिकतर खेतों में किसान बोवनी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्हें इंतजार है तो सिर्फ झमाझम बारिश का, जिससे खेतों में मिट्टी की नमी पुनः लौट सके। बोवनी के लिए खेतों में पर्याप्त पानी पहुंचे। एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आसमान में बादलों की लुकाछिपी तो जारी है, लेकिन बारिश नहीं होने से किसानों के माथे पर भी चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं।

मौसम विशेषज्ञों की मानें तो पिछले वर्ष की तुलना में इस साल बारिश अधिक होने की संभावना है जिसको लेकर किसानों ने खेतों को तैयार कर बोवनी के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 18 जून को मानसून आने वाला था, लेकिन यह तारीख भी सूखी बीत गई। किसान ज्यादा चिंतित नजर आ रहे हैं।

### ❒ खाद-बीज सब खरीदे

आसमान पर मंडराते काले बादलों की ओर नजर गढ़ाकर बैठे किसान अब अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। किसानों द्वारा खेतों में बोवनी की तैयारियां के साथ ही खाद-बीज की खरीदी भी लगभग कर ली गई, इसके साथ ही खेतों पर हल गेरकर उन्हें तैयार किया जाने का काम भी पूरा कर लिया है। जिले में बेहतर मानसून की आस लगाए हुए किसान के साथ व्यवसायी भी इंतजार में हैं, क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार 22 जून के बाद ही अच्छे मानसून की उम्मीद की जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बारिश अच्छी होगी तो फसलों को फायदा होगा जिससे बाजार में भी मंदी का दौर खत्म होगा।

# वन भूमि में नहीं होने देंगे अतिक्रमण, होगी कठोर कानूनी कार्रवाई

## प्रशासन, पुलिस और वन विभाग के आला अफसरों की टास्क फोर्स बैठक संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संभाग में वन भूमि में कहीं पर भी अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। विशेष तौर पर बुरहानपुर और खंडवा जिले जहाँ पर बीते सालों में सामूहिक रूप से वन कटाई कर अतिक्रमण की प्रवृति देखी गई है, वहाँ कड़ी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी और ऐसी किसी भी कोशिश पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संभागायुक्त इंदौर श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज प्रशासन, पुलिस और वन विभाग के आला अधिकारियों की इस संबंध में बैठक की गई। बैठक में पुलिस कमिश्नर श्री राकेश गुप्ता, आईजी श्री अनुराग, एडिशनल पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह, डीआईजी श्री निमिष अग्रवाल, मुख्य वन संरक्षक श्री नरेन्द्र सनोडिया, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायतों के सीईओ और वन विभाग के सभी वन संरक्षक और वन मण्डलाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा कि वन अपराधों में दर्ज किए जाने वाले पीओआर के संबंध में सूक्ष्मता से प्रकरण कायम किए जाएं। वन विभाग के अमले को इस संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि ठोस प्रकरण बन सके और वन अपराधियों की कोर्ट में दोष सिद्धि हो सके। संभागायुक्त ने कहा कि समय के हिसाब से वन विभाग द्वारा वन क्षेत्रों में सीसीटीवी एवं ऑनलाइन निगरानी के अन्य साधनों का उपयोग भी किया जाना चाहिए।

बैठक में वन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि संभाग में बुरहानपुर में बीते तीन-चार वर्षों में सामूहिक रूप से वन कटाई की घटनाएँ हुई हैं। बुरहानपुर कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल ने बैठक में बताया कि ऐसे घटनाओं में दोषी व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। कुछ दोषी व्यक्तियों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई भी की गई है।

बैठक में बताया गया कि वनमंडल बुरहानपुर के वनक्षेत्रों में बड़ी मात्रा में अवैध कटाई एवं अवैध अतिक्रमण की घटनाओं में मुख्य भूमिका माधुरी बेन पति कृष्णास्वामी नाम की महिला की रही है। वर्ष 2022 में सामूहिक रूप से 800-1000 लोगों के समूह द्वारा बुरहानपुर वनमंडल के नावरा वनपरिक्षेत्र में बड़ी मात्रा में वनों की अवैध कटाई की गई। माधुरी बेन एवं उसके सहयोगियों के विरूद्ध जिलाबदर की कार्यवाही जिला प्रशासन को प्रस्तावित की गई। तदुपरांत जिला प्रशासन द्वारा माधुरी बेन एवं उसके प्रमुख स्थानीय सहयोगी अंतराम अवास्या को गत वर्ष 2023 में जिलाबदर किया गया। इसके साथ ही अन्य सहयोगियों हेमा मेघवाल, सुड़िया छगन, रेवसिंग उर्फ रेमसिंग, फूलसिंग सुबला, छतरसिंग रेमसिंग को जिलाबदर किया गया है। जिलाबदर होने का परिणाम यह रहा कि विगत एक वर्ष से बुरहानपुर वनमंडल के वनक्षेत्रों में बड़ी मात्रा में अवैध कटाई एवं अवैध अतिक्रमण की घटनाओं की संख्या निरंक है। विगत एक वर्ष में वनमंडल के 880 हेक्टेयर वनक्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराकर पुनः वन स्थापित करने हेतु वनवर्धनिक कार्य किये गये हैं।

खंडवा जिले में भी कुछ वन क्षेत्रों में वन कटाई के प्रकरण आने पर पुलिस और प्रशासन की सहायता से तत्परतापूर्वक कार्रवाई की गई है। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने बैठक में साफ कहा कि सभी जिला कलेक्टर और पुलिस प्रशासन वन विभाग के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग ने बैठक में वन विभाग से वायरलेस सिस्टम के माध्यम से संचार की प्रभावी व्यवस्था बनाने की अपेक्षा जतायी। पुलिस कमिश्‌?नर श्री राकेश गुप्ता ने भी बैठक में अपने सुझाव रखे। बैठक में तय किया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत बनाया जाएगा। वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक श्री नरेंद्र सनोडिया ने बैठक में बताया कि बुरहानपुर और खंडवा जिले में जहाँ अवैध रूप से कटाई की गई थी वहाँ वन विभाग की सहायता से वन संरक्षण के कार्य किए गए हैं।

# आज बिजासन टेकरी पर गड्ढा खोदने की मशीन का होगा ट्रायल ....

## रविवार को सीएम ने बीसीसी के सामने बगीचे में नई मशीन से गड्ढा खोदकर लगाया था पौधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जब मुख्यमंत्री पहुंचे तो नगर निगम के द्वारा कन्वेंशन सेंटर के सामने स्थित बगीचे में बहुत रोपण के लिए गड्ढा खोदने वाली मशीन का डेमो किया गया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में मशीन के माध्यम से गड्ढा खोदा गया और फिर उसे गड्ढे में मुख्यमंत्री के द्वारा पौधारोपण किया गया। निगम के अधिकारियों ने कहा कि समतल जमीन पर बगीचे में तो इस मशीन के माध्यम से कम समय में ज्यादा गड्ढे खोदने का काम किया जा सकेगा।**

नगर निगम के द्वारा मंगलवार को इस मशीन का ट्रायल बिजासन टेकरी पर लिया जाएगा। वैसे मशीन का ट्रायल सोमवार को होना था, लेकिन मेट्रो का कार्यक्रम होने की वजह से सारे निगम के अधिकारी कार्यक्रम में शामिल थे। इस कारण मशीन का ट्रायल नहीं हो सका। मंगलवार को बिजासन टेकरी पर इस मशीन को ले जाकर मशीन के माध्यम से गड्ढे खोदने का काम किया जाएगा। यदि टेकरी पर भी यह मशीन आसानी के साथ गड्ढे खोदने के काम को अंजाम दे देती है तो नगर निगम इस मशीन को खरीद लेगा। इस मशीन की कीमत 50000 प्रति मशीन है। निगम की कोशिश है कि चार मशीन खरीद ली जाए। उल्लेखनीय है की इंदौर नगर निगम के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष रविवार को गड्ढा खोदने की मशीन का डेमो किया गया। इस दौरान ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर बीसी के सामने बगीचे में गड्ढा खोदकर पौधा लगाया गया। मुख्यमंत्री के द्वारा इंदौर यात्रा के दौरान इस वर्ष मानसून के पूर्व इंदौर में पौधे लगाने के अभियान की लांचिंग की गई। इस लॉन्चिंग के अंतर्गत इस अभियान के गाने और लोगों का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने इंदौर शहर के नागरिकों से यह अपील भी कि वह इस अभियान मैं दिल से जुड़े और इंदौर को हरित इंदौर के रूप में तब्दील करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें।

## बिजली चोरी, अनियमितता के 68 प्रकरण बनाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर ग्रामीण संभाग के 8 टीमों ने दो दिनों में बायपास, सुपर कारिड़ोर, उज्जैन रोड पर व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानों, ढाबों आदि की चैकिंग पर विशेष अभियान चलाया। इंदौर ग्रामीण संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अभिषेक रंजन ने बताया कि अधीक्षण यंत्री श्री सुधीर आचार्य के मार्गदर्शन में दूधिया, कनाडिया, भौरासला अरविंदो अस्पताल के आसपास, धरमपुरी, सांवेर रोड, नेमावर रोड, मांगलिया इत्यादि क्षेत्रों में अभियान चलाकर बिजली चोरी, भार वृद्धि, उपयोग परिवर्तन इत्यादि के कुल 68 प्रकरण बनाए गए। इन सभी उपभोक्ताओं, उपयोगकतार्ओं से 14 लाख से ज्यादा की राशि वसूली जाएगी।

# अमरनाथ मार्ग पर लंगर सेवा के लिए जमा की सामग्री

## नवलखा कांटाफोड़ मंदिर से 9 टन खाद्य सामग्री से भरा ट्रक बुधवार को होगा रवाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर के भक्तों द्वारा छावनी क्षेत्र के व्यापारियों के सहयोग से एकत्र की गई 9 टन खाद्य सामग्री से भरा ट्रक बुधवार, 19 जून को शाम 5 बजे विधायक गोलू शुक्ला के आतिथ्य में बालटाल के लिए रवाना किया जाएगा। इस ट्रक के साथ भेजी जा रही खाद्य सामग्री का उपयोग बालटाल एवं पंचतरणी में लगाए जाने वाले लंगर में बाबा अमरनाथ के दर्शनार्थ आने वाले भक्तों के लिए किया जाएगा। इस बार कांटाफोड़ शिव मंदिर का लंगर बालटाल मार्ग पर खन्ना (पंजाब) के अरमनाथ बफार्नी सेवा दल के सहयोग से लंगर नंबर 7 पर लगाया जाएगा।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, संयोजक बी.के. गोयल एवं अजय खंडेलवाल ने बताया कि बालटाल एवं पंचतरणी में लंगर सेवा के साथ इंदौर एवं मालवांचल से जाने वाले भक्तों के लिए अधिकतम तीन दिनों तक आवास एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। मंदिर की भक्त मंडली द्वारा पिछले एक सप्ताह से छावनी क्षेत्र में व्यापारियों से संपर्क अभियान चलाकर यह खाद्य सामग्री एकत्र की है। भक्त मंडली के परमानंद वालेचा, विजय काला, हेमंत अग्रवाल, मनीष गर्ग, वरुण हरिमंगल एवं संदीप गोयल द्वारा चलाए गए अभियान में उक्त सामग्री एकत्र हुई है। मंदिर द्वारा पिछले 19 वर्षों में करीब 11 लाख बाबा बफार्नी के भक्तों के लिए भोजन, नाश्ता, चाय एवं अन्य व्यवस्थाएं की गई है। इस बार लंगर सेवा का यह 20वां वर्ष होगा। लंगर सेवा 29 जून से शुरू होगी।

### कटाक्ष




## नरवर कांकड़ बस्ती में बालिकाओं ने सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग से सिखा आत्मरक्षा के गुर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, इंदौर। जनविकास सोसायटी इंदौर द्वारा बाल एवं युवा संसद परियोजना के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नरवल कांकड़ बाणगंगा में किया गया। ब्लैक बेल्ट मास्टर सईद आलम और ब्लैक बेल्क सुमित्रा चंद्रवंशी सहायक प्रशिक्षण ने नरवर कांकड़ बस्ती में बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया। मिशन हिफाजत स्लम एरिया का सातवां कैम्प में बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। मिशन हिफाजत स्लम एरिया का सातवां कैम्प में नरवर कांकड़ बस्ती की बालिकाओं को ख्याति प्राप्त सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम और सुमित्रा चंद्रवंशी द्वारा स्वंय की रक्षा के गुर सिखाए गए। जनविकास सोसायटी के डायरेक्टर शिनोज जोसेफ ने बताया कि 15 बस्तियों में सेल्फ डिफेंस की निःशुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रशिक्षण में बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम द्वारा बिना हथियार स्वयं की रक्षा की ट्रेनिंग दे रहे हैं। जनविकास सोसाइटी के यूथ को-आर्डिनेटर सुरेश परमार ने बताया कि बालिकाओं को खुद की रक्षा करने के विभिन्न तरीकों से विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बालिकाओं को स्वयं के लिए सेल्फ डिफेंस सीखना अति आवश्यक है।

## बच्चों ने जैन तीर्थ मोहनखेड़ा और पालीताणा का भ्रमण किया

**इंदौर**। कालानी नगर स्थित उन्मुक्त आनंद आश्रम के 26 गरीब एवं अनाथ बच्चों ने जैन तीर्थ मोहनखेडा और पालीताणा का भ्रमण कर कई प्रकार की जानकारी हासिल की। यह धार्मिक यात्रा संभव हुई समाजसेवी राजेश जैन मिचीवाला के कारण, क्योंकि संपूर्ण यात्रा में आर्थिक सहयोग उन्होंने भी दिया था । समाज सेविका सौम्या जैन तिलगोता ने बताया कि सभी बच्चों ने मध्य प्रदेश और गुजरात के जैन तीर्थो के केवल दर्शन ही नही किए वरन कई प्रकार की जानकारिया प्राप्त की।

# एसडीएम और आरआई लापता! पता बताने वाले को पुरस्कार

## नाराज किसानों ने लगाया तहसील गेट पर पोस्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देपालपुर में अफसरों की कार्यशैली से किसान नाराज नजर आ रहे हैं। एक किसान ने तो नाराज होकर तहसील ऑफिस के गेट पर पोस्टर चस्पा कर दिया। पोस्टर में एसडीएम और राजस्व अधिकारी (आरआई) के लापता होने का जिक्र किया गया है। पोस्टर पर लिखा है कि सूचना देने वाले को 1100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। यह पोस्टर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।**




देपालपुर में प्रशासनिक अधिकारियों के रवैये से वहां के किसान परेशान हो गए हैं। एक किसान ने परेशान होकर कुछ ऐसा कर दिया, जिसकी चर्चा पूरे शहर में हो रही है। दरअसल, देपालपुर तहसील ऑफिस के एसडीएम रवि वर्मा और राजस्व अधिकारी (आरआई) नरेश विवलेकर के नाम का पोस्टर ऑफिस के बाहर चस्पा किया गया है। पोस्टर में 'लापता एसडीएम रवि वर्मा और आरआई नरेश विवलेकर लिखा है'। इनकी सूचना देने वाले को 1100 रुपये पुरस्कार देने की बात लिखी गई है। हालांकि पोस्टर पर किसान ने अपने नाम का जिक्र नहीं किया है। एसडीएम ऑफिस के बाहर लगा ये पोस्टर अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक जिस किसान ने एसडीएम ऑफिस के बाहर पोस्टर लगाया है, उसने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। बहरहाल, पोस्टर्स से शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग उत्सुकतावश पोस्टर्स को पढ़ रहे हैं। एसडीएम और आरआई के खिलाफ चस्पा किये गये पोस्टर्स से प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# इंदौर में स्थापित हो कलाकृतियों का संग्रहालय

### प्रेस क्लब में बोले देश के ख्यात चित्रकार सुहास बहुलकर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर की कला परम्परा बहुत समृद्ध रही है। यहां की कलाकृतियों का एक संग्रहालय यहां स्थापित होना चाहिए। इसमें इंदौर के अलावा मध्यप्रदेश के कलाकारों की कलाकृतियों को भी संग्रहित किया जाना चाहिए। यह बात देश के ख्यात चित्रकार सुहास बहुलकर ने कही। वह मंगलवार दोपहर इंदौर प्रेस क्लब के चाय पर चर्चा कार्यक्रम में मीडिया से बात कर रहे थे।

उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कला का डाक्यूमेंटेशन नहीं हो रहा है। इंदौर में मुझे देवलालीकर जी जैसे ख्यात कलाकार की कलाकृति नहीं मिली, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए कि प्रतिष्ठित कलाकारों की कलाकृतियों का डाक्यूमेंटेशन हो। उन्होंने कहा कि हमारे यहां चित्रकला की यह स्थिति है कि स्कूलों में चित्रकला का शिक्षक तक नियुक्त नहीं होता। अब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इसे लेकर प्रावधान हुआ है। आशा करता हूं कि इससे सुधार होगा। पहले हर घर में कैलेंडर लगा रहता था और उस पर चित्र अंकित होता था। अब कैलेंडर की उपस्थिति घरों में दिखाई नहीं पड़ती और इसके साथ चित्र का घर में प्रवेश का रास्ता बंद हो गया है। कला और कलाकार को सरकार से अपेक्षित सम्मान मिलता है या नहीं इस सवाल के जवाब में श्री बहुलकर ने कहा कि मध्यप्रदेश में इस मामले स्थिति अच्छी है, लेकिन महाराष्ट्र में स्थिति ठीक नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि राजनीति ने कला के क्षेत्र को कितना नुकसान पहुंचाया है, इस पर उन्होंने कहा कि जो चीजें राजनीति में हो रही हैं, उसका असर अन्य क्षेत्र में भी दिखाई पड़ता है। अच्छी कला को अच्छा बोलने की आदत हम भूल रहे हैं। यह चिंताजनक है।

## विश्व योग दिवस पर 15 समाजसेवी होंगे सेवा अलंकरण से विभूषित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विश्व योग दिवस के मौके पर सुफलाम् सेवा न्यास विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 समाजसेवियों को सेवा अलंकरण सम्मान से विभूषित करेगा। आयोजन 21 जून, शुक्रवार को प्रात 8 बजे से 11 बजे तक श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति सभागार में होगा। यह जानकारी देते हुए न्यास के मोहित शर्मा ने बताया कि इस मौके पर योगाचार्य डॉ. बी के बांद्रे योग विषय पर विस्तार से प्रकाश डालकर अपने योग के अनुभव साझा करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि होंगे स्वामी ऐश्वयार्नंदजी सरस्वती। समारोह की अध्यक्षता करेंगे सुप्रसिद् समाजसेवी एवं उधोगपति दिनेश मित्तल।

## झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर उनकी पांचवी पीढ़ी के दो सदस्यों का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महान क्रांतिकारी वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर यंग इंडिया क्लब द्वारा मंगलवार को सुबह किला मैदान स्थित लक्ष्मीबाई के प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण के पश्चात देश के लिए शहीद हुए जवानों एवं क्लब के लिए पिछले 27 वर्षों से लगातार देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देने वाले सेवा निवृत्त फौजी बलवीरसिंह छाबड़ा की स्मृति में मानव श्रृंखला बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, संयोजक यशवंत गायकवाड़ एवं समन्वयक रमेश सेन ने बताया कि यंग इंडिया क्लब द्वारा प्रतिवर्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, उनके परिजनों एवं देश के लिए शहीद होने वाले जवानों के परिजनों को आमंत्रित कर उनका सम्मान करने की परंपरा रही है। इस बार भी झांसी की रानी की पांचवीं पीढ़ी के दो सदस्यों अतुल झांसीवाला और अरुण झांसीवाला को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। ये दोनों बंधु धनवन्तरि नगर में रहते है। इसके पूर्व क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। क्लब के सहयोगी बलवीरसिंह छाबड़ा इसी माह एक कार्यक्रम में देशभक्ति के गीत सुनाते हुए हाथों में तिरंगा लिए शहीद हो गए हैं, उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए इस बार क्लब के सदस्यों एवं शहर के अन्य नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुधीर सेठिया, पार्षद पति मनोज मिश्रा, हनीफ खान, रमाकांत तिवारी, नरेश दुबे, हितेश अग्रवाल, सोमपुरकर, मोनिका मालवीय एवं अन्य नागरिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि समर्पित की।

## संभागायुक्त ने नवप्रवेशित बच्चों का किया स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** स्कूल चलें हम अभियान के तहत इंदौर जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में आज से तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव प्रारंभ हुआ। इस उत्सव के पहले दिन आज संभागायुक्त श्री दीपक सिंह कुलकर्णी नगर में स्थित शासकीय विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने विद्यार्थियों से रूबरू चर्चा की। नवप्रवेशित बच्चों का स्वागत सत्कार किया। बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर और पुष्पहार पहनाकर किया गया। इस मौके पर उन्हें पाठ्य पुस्तकें और स्टेशनरी का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक अरविंद बघेल, जिला परियोजना समन्वयक श्रीमती शीला मरावी, रमसा अधिकारी नरेन्द्र जैन, सहायक संचालक एम. एस. निगवाल तथा बीआरसी राजेन्द्र तंवर भी उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए शिक्षा की महत्ता बतायी। विद्यार्थियों से उन्होंने कहा कि वे खूब अच्छे से पढ़ें और आगे बढ़ें। विद्यार्थियों को राज्य शासन द्वारा पाठ्य पुस्तकें, गणवेश, साइकिल आदि सुविधाएं भी दी जा रही हैं। प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी अनेक सुविधाएं देने का प्रावधान है। विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव सुनाए।

# फोरलेन की सुरंगों के विस्फोट से मकानों में आ गई दरारें

## ग्रामीणों ने मांगा एनएचएआई से मुआवजा

**इंदौर। रोज गुजरने वाले हजारों वाहनों की राह आसान करने के लिए बनाए जा रहे इंदौर-खंडवा रोड फोरलेन का निर्माण कुछ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए परेशानी की वजह बन रहा है। भैरवघाट पर सड़क के लिए तीन सुरंगें बनाने के लिए विस्फोट किए जा रहे है। इससे कई मकानों में दरारें आ गई है।**

ग्रामीण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अफसरों से मकानों में हुए नुकसान का मुआवजा मांग रहे है, लेकिन अब तक उनकी सुनवाई नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि विस्फोट के समय पत्थर भी उड़कर आते है। इससे घायल होने का खतरा भी बना रहता है। रात में लगातार सुरंगों में काम किए जाने के कारण मशीनों की आवाजें होती है। इससे नींद भी खराब होती है। अफसरों का कहना है कि सुरंगों का काम अब पूरा होने वाला है। ग्रामीणों को विस्फोट के कारण आपत्ति है। जिन भवनों में नुकसान हुआ है। उसकी मरम्मत भी कराई जा रही है।

तलाई नाका बस्ती में रहने वाले प्रवीण कुशवाह ने बताया कि दो साल पहले ही उन्होंने मकान बनाया था, लेकिन विस्फोट के कारण धरती में कंपन होता है। इससे मेरे मकान के दो कमरों में दरारें आ गई है। अब बारिश में पानी घर के भीतर आने का डर भी रहेगा। इस बस्ती में रहने वाले एक परिवार के मकान में दरारों से आर-पार दिखाई देता है। दरारों से धूप की किरणें घर में आने लगी है। इंदौर से खंडवा होते हुए इच्छापुर तक एनएचएआई फोरलेन हाइवे बना रहा है। 25 किलोमीटर के घाट सेक्शन वाले हिस्से में तीन सुरंगें बनाई जा रही है। चट्टानों को नियंत्रित विस्फोट की मदद से तोड़ा जा रहा है। फिलहाल घाट सेक्शन में ही काम बचा हुआ है। जिसे पूरा होने में सालभर का समय लग सकता है।



## 21 हजार 700 रुपए कीमत की अवैध मदिरा जब्त

**इन्दौर।** जिले में कलेक्टर आशीष सिंह के आदेशानुसार अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। सहायक आबकारी आयुक्त इंदौर मनीष खरे के निर्देशन व सहायक जिला आबकारी अधिकारी रामहंस पचौरी के मार्गदर्शन में 18 जून को प्रातः अवैध शराब की तस्करी कर संग्रहित की गई मदिरा के खिलाफ कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर वृत पलासिया आबकारी उपनिरीक्षक राकेश सिंह मंडलोई द्वारा मय आबकारी बल के विनोबा नगर, बड़ी ग्वालटोली इंदौर निवासी अनिकेत पिता राजू सोनकर के घर पर दबिश दी गई। तलाशी में 310 पाव देशी मदिरा प्लेन (कुल 55.80 बल्क लीटर) अवैध शराब कुल कीमत 21 हजार 700 रुपए की बरामद की गई। अवैध मदिरा जब्त कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# शाजापुर में स्कूल परिसर में बना नॉनवेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर। गर्मियों की छुटि्टयों के बाद मंगलवार से मध्यप्रदेश के सभी सरकारी स्कूल खुल गए हैं। पहले दिन जब बच्चे स्कूल पहुंचे तो उनका तिलक लगाकर और मंत्रोच्चार से स्वागत किया गया।**

शाजापुर जिले के ग्राम जादमी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में स्कूल आए छात्रों को लौटना पड़ा, क्योंकि यहां स्कूल परिवार में नॉनवेज पक रहा था। महिला टीचर का कहना है कि सरपंच के कहने पर यहां कुछ लोग रुके थे, उनके लिए नॉनवेज बन रहा था। यहां बैठना भी मुश्किल हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारी मामले की जांच की बात कह रहे हैं।

प्रवेशोत्सव में बड़ी संख्या में पालक भी स्कूल पहुंचे। खरगोन में ढोल-ढमाकों के साथ बच्चों की रैली निकाली गई। बैलगाड़ी भी सजाई गई थी। भोपाल में बच्चों को खीर-पूड़ी और आलू छोले परोसे गए। वहीं, शाजापुर के एक सरकारी स्कूल परिसर में नॉनवेज बनाने का मामला भी सामने आया है। पहला दिन होने से कई स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम रही। जनजातीय कार्यमंत्री विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी से मेरा अनुरोध है पहली कक्षा से 5वीं तक झंडा वंदन और जन गण मन अनिवार्य होना चाहिए। उपस्थित श्रीमान, उपस्थित मैडम की जगह पर जय हिंद सर, जय हिंद मैडम बोलना चाहिए।

# मां ने चांटा मारा तो बेटे ने कर दी हत्या

## ❒ लाश को घर में गाड़ा, कब्र पर 3 दिन की पार्टी, सिर मुंडवाने पर पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर। मंदसौर में एक युवक ने दोस्त के साथ मिलकर मां का मर्डर किया। शव को घर में ही दफन कर दिया। कब्र पर गद्दा डाला, उसी पर बैठकर तीन दिन तक दोस्त के साथ शराब पार्टी करता रहा। दुर्गंध फैली तो घर बंद कर ननिहाल चला गया। तीन दिन बाद सिर मुंडवाकर वापस लौटा। सास के नजर नहीं आने पर दामाद को अनहोनी का शक हुआ। सूचना पर पुलिस ने आरोपी और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया।**

मामला भानपुर का है। पुलिस के अनुसार कचहरी चौक निवासी कमलेश पिता कन्हैयालाल धोबी (35) ने अपने दोस्त संतोष पिता बसंतीलाल धोबी (50) के साथ 12 जून को भानपुरा के बड़ा महादेव रोड पर दिनभर शराब पार्टी की थी। रात 10 बजे वह दोस्त के साथ नशे में धुत होकर घर पहुंचा। आरोपी ने मां से कहा- जल्दी से खाना परोस दे।

### नशे में देखकर मां ने बेटे को थप्पड़ मारा

नशे में धुत बेटे को देखकर मां गंगाबाई नाराज हो गई। उसने गुस्से में बेटे को थप्पड़ मार दिया। मां का थप्पड़ पड़ा तो बेटा आगबबूला हो गया। उसने दोस्त के साथ मिलकर मां को पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में गंगाबाई का सिर पत्थर से टकरा गया। वह जमीन पर गिर गई और खून से लथपथ काफी देर तक तड़पती रही। इसके बाद उसकी मौत हो गई।

आरोपी का इतने पर भी दिल नहीं पसीजा, उसने दोस्त की मदद से घर में सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में मां की लाश को उठाकर दफन किया और ऊपर से रेत डाल दी, फिर गद्दा बिछा दिया। गंगाबाई की लाश को ठिकाने लगाने के बाद दोस्त अपने घर चला गया, जबकि बेरहम बेटा कब्र के ऊपर ही सो गया। तीन दिनों तक दोनों कब्र के ऊपर बैठकर शराब पार्टी करते रहे। बदबू आने लगी तो आरोपी बेटा राजस्थान के पगारिया गांव स्थित अपने ननिहाल भाग गया।

### मुंडन करवाकर लौटा साला, तो जीजा को हुआ शक

17 जून को आरोपी कमलेश मुंडन करवाकर भानपुरा लौट आया। आरोपी के मुंडन करवाने से गांव में ही रहने वाले दामाद भगवान लाल शर्मा को शंका हुई। उन्होंने मुंडन का कारण और सास गंगाबाई की खैरखबर पूछी। आरोपी उसकी बात सुनकर घबरा गया और बिना कुछ कहे घर की ओर भाग गया। साले की इस हरकत से भगवान भी सीधे घर पहुंचा। यहां सेप्टिक टैंक के पास खोदे गए गड्ढे से दुर्गंध आ रही थी। उसने रेत हटाई तो एक लाश नजर आई। लाश सास गंगाबाई की थी।

## दिग्गी के भाई बोले-

# एलन मस्क कोई तोप है क्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को लेकर के सीईओ एलन मस्क के बयान पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई और पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने पलटवार किया है। लक्ष्मण सिंह ने कहा- एलन मस्क ने सवाल उठाए हैं, तो एलन मस्क कोई तोप है क्या? हिंदुस्तान की एक प्रणाली है और, अगर कुछ कमी है तो उसे हम देखेंगे। ये हमारी बात है एलन मस्क कौन है? एक विदेशी कोई धनवान एक बयान दे देता है तो भूचाल आ जाता है। अरे, हमारी अपनी व्यवस्था है। अगर ईवीएम में कोई कमी भी होगी, तो सुधारेगा कौन? एलन मस्क सुधरेगा! अरे सुधारेंगे तो हम ही। राहुल गांधी द्वारा मस्क का समर्थन करने पर लक्ष्मण सिंह ने कहा- अब उन्होंने क्यों किया है उनसे पूछिए। मेरा ये कहना है कि हमें अपने देश की चुनाव संस्थाओं पर, अपनी प्रजातंत्र की संस्थाओं पर, सरकारी मशीनरी पर विश्वास करना पड़ेगा। चाहे कोई सरकार हो। हमारी सरकार रहती है सब ठीक है, हमारी सरकार नहीं रहती तो सब गलत है। ये सोचना भी गलत है।

### पार्टी में मेरा-तेरा नहीं चलेगा

मप्र में नेतृत्व परिवर्तन की बातों पर लक्ष्मण सिंह ने कहा- कोई नेतृत्व परिवर्तन नहीं होगा, जीतू पटवारी ही रहेंगे और रहना चाहिए। हमारा उनसे यही कहना है कि समितियों के माध्यम से वो पार्टी को चलायें। बूथ लेवल से लेकर प्रदेश लेवल तक, जिले में, ब्लॉक में समितियां बनायें। जितने कार्यकर्ता और नेता घर बैठे हैं उन सबको संगठन में शामिल करें। ऐसा नहीं चलेगा की ये मेरे पांच लोग हैं, दस लोग हैं, हम सब कर लेंगे।

### कांग्रेस में गुटबाजी नहीं, पार्टी चलाने वाली पद्धति बदलनी होगी

लक्ष्मण सिंह ने पार्टी में गुटबाजी को लेकर कहा- गुटबाजी नहीं है, सब एक हैं। लेकिन, पार्टी को चलाने की पद्धति बदलनी पड़ेगी। अभी तक ये होता है कि दिल्ली में मेरा मामला ठीक है मैं जो चाहूंगा कर लूंगा। अरे भई, दिल्ली में ही कहीं भी हो वोट तो यहां मिल रहा है न?

### खरगे के बारे में बोलूंगा तो मुझे पार्टी से भगा देंगे

मोदी सरकार के पास बहुमत नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के इस बयान पर लक्ष्मण सिंह ने कहा- खड़गे जी बहुत वरिष्ठ नेता हैं। मैं उनके बारे में ज्यादा कुछ बोलूंगा तो मुझे पार्टी से भगा-भगू दें, तो मैं कहां जाऊंगा? पीसीसी में वास्तुदोष के चलते मेन गेट बंद रखने पर लक्ष्मण सिंह ने कहा-अच्छी बात है, वास्तु के हिसाब से करना चाहिए।

## भक्त ने बाबा महाकाल को 1 लाख 8 हजार के 2 आम अर्पित किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। भूतभावन बाबा महाकाल की नगरी में देश-विदेश से बड़ी संख्या में भक्तगण भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शनों के लिए आ रहे हैं। भगवान का पूजन अर्चन कर

सोने,चांदी के आभूषणों सहित अन्य वस्तुएं भी अर्पित कर रहे हैं। महाकाल के ऐसे ही एक भक्त ने 1 लाख 8 हजार कीमत के 2 आम भगवान महाकालेश्वर को भेंट किए। मंगलवार को जबलपुर निवासी संकल्प परिहार ने विदेशी प्रजाति के 1 लाख 8 हजार मूल्य के 2 आम भगवान महाकाल को अर्पित किए। यह आम ऑस्ट्रेलिया की आर-2, ई-2 तथा जापान की मियाजाकी प्रजाति के हैं। श्री परिहार बाबा महाकाल के अनन्य भक्त है,महाकाल बाबा के आशीर्वाद से ही एक फार्म हाउस आरंभ किया है। 10 एकड़ जमीन पर फैले इस फार्म हाउस का नाम महाकाल हाइब्रिड फॉर्म है। इस फार्म हाउस में आम के करीब डेढ़ हजार पेड़ हैं।

# पत्नी को मायकेवाले ले गए तो दुपट्टे से लगाई फांसी

## बहन ने पैर के नीचे कंधा लगाकर बचाई भाई की जान, आईसीयू में भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। लव मैरिज के बाद पत्नी को मायकेवाले ले गए तो युवक ने उसके दुपट्टे का फंदा बनाकर जान देने की कोशिश की। बहन ने पैर के नीचे कंधा लगाकर युवक की जान बचाई। मां के साथ अस्पताल लेकर पहुंची। गले की नस चोक होने से वह कोमा में चला गया। दो दिन से आईसीयू में भर्ती है। युवक की मां मायकेवालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने थानों के चक्कर लगा रही है। युवक खंडवा का रहने वाला है जबकि युवती रतलाम की। 7 मई को दोनों ने खंडवा शहर के माता चौकी स्थित एक मंदिर में सात फेरे लिए थे। कोर्ट मैरिज भी की थी। मायकेवालों की शिकायत पर दंपति को रतलाम पुलिस ने बयान के लिए थाने बुलाया। यहां उन्हें एक-दूसरे से जुदा होना पड़ा।**

### रेस्टोरेंट में मिले, चैटिंग से गहराया प्यार

खंडवा निवासी श्याम धारे (20) सालभर पहले रतलाम में किसी रेस्टोरेंट पर काम करता था। वहीं पढ़ाई करने वाली एक युवती रेस्टोरेंट में आती थी। दोनों आपस में बात करने लगे। चैटिंग करते-करते प्यार हो गया। श्याम खंडवा लौट आया। यहां दूध डेयरी पर काम करने लगा लेकिन युवती से बातचीत होती रही। मई में वो रतलाम गया और युवती को लेकर खंडवा आ गया। यहां दोनों ने मंदिर और कोर्ट में शादी कर ली।

### मां बोली- पुलिस ने धमकाकर थाने से भगा दिया

श्याम की मां लता धारे ने बताया, ह्वाशादी के बाद बहू एक महीने तक हमारे साथ रही। 11 जून को खंडवा के मोघट रोड थाने से सूचना मिली कि रतलाम की माणक चौक थाना पुलिस ने बयान के लिए बुलाया है। एक बार बहू को वहां लेकर जाना पड़ेगा। इस पर मैं, बहू, बेटा और उसका दोस्त 12 जून को रतलाम गए। वहां पुलिस ने बहू के बयान लिए। बहू ने कहा कि उसने राजी-खुशी से श्याम के साथ शादी की है। अब उसी के साथ रहेगी। बहू के मायके वालों ने हाथ-पैर जोडऩा शुरू कर दिए। वे रोने लगे। मां और पिता ने बेहोश होने की नौटंकी की। बहू के सामने इमोशन क्रिप्ट किए। कहा- तुम घर चलो वरना तुम्हारे पति को मार डालेंगे। पुलिस ने बेटे और उसके दोस्त को धमकाया कि वापस चले जाओ। हमें थाने से भगा दिया। वे लोग बहू को अपने साथ ले गए।

### मां ने की शिकायत, टीआई बोले-कार्रवाई संभव नहीं

श्याम की मां ने मोघट रोड थाने में शिकायत की है। कहा है कि बहू के घरवालों ने बेटे को डराया-धमकाया। इसी वजह से उसने आत्महत्या करने की कोशिश की। उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। टीआई संजय पाठक का कहना है कि इस केस में कोई कार्रवाई होना असंभव है। लड़की के परिवार वालों ने युवक को आत्महत्या के लिए प्रेरित नहीं किया। वो लड़की के दूर होने का गम सहन नहीं कर पाया और उसने ऐसा कदम उठा लिया। रतलाम के माणक चौक थाने के टीआई रणजीत सिंगार का कहना है कि युवती ने पति की बजाय परिवार वालों के साथ रहने की बात कही थी। हमारे पास बयान की वीडियोग्राफी भी है। डराने, धमकाने या दबाव बनाने जैसे आरोप निराधार हैं।

# प्रदेश के 3 गांव बनेंगे 5जी इंटेलिजेंट विलेज

## इंटरनेट की मदद से 8 राज्यों के 10 गांवों की बदलेगी सूरत, रोजगार भी बढ़ेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

गुना। मध्यप्रदेश के तीन गांवों को 5जी इंटेलिजेंट विलेज बनाया जाएगा। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को अपने हैंडल पर यह जानकारी दी। योजना में देशभर के आठ राज्यों के 10 गांव शामिल किए गए हैं। इसमें गुना लोकसभा सीट के तीन गांव भी शामिल हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण जीवन में बदलाव लाने, डिजिटल समावेशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 5जी टेक्नोलॉजी का उपयोग करना है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 10 जून को दूरसंचार मंत्रालय का पदभार ग्रहण किया था। एक सप्ताह बाद देश के ग्रामीण इलाकों को 5जी इंटेलिजेंट विलेजऔर क्वांटम एन्क्रिप्शन एल्गोरिद्म प्रोजेक्ट में शामिल किया है। इनमें गुना का आरी, अशोकनगर जिले का रावसर और शिवपुरी जिले का बांसखेड़ी गांव शामिल है। सिंधिया ने लिखा, जय अनुसंधान! यह बताते हुए खुशी हो रही है कि दूरसंचार विभाग दो महत्वपूर्ण पहलों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित कर रहा है।

## अमरवाड़ा उपचुनाव-

# सीएम की सभा-रैली रद्द

## बीजेपी प्रत्याशी ने जमा किया नामांकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा में मंगलवार दोपहर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की रैली और सभा तेज बारिश की वजह से रद्द करना पड़ी।**

सीएम, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा तेज बारिश के बीच सीधा एसडीएम ऑफिस पहुंचे और बीजेपी प्रत्याशी कमलेश शाह का नामांकन जमा कराया। साथ में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू और अमरवाड़ा से पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार रहीं मोनिका बट्टी भी मौजूद रहीं। कांग्रेस अब तक अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए कैंडिडेट का चयन नहीं कर पाई? इस पर सीएम ने कहा, ह्वावे दया के पात्र हैं। अमरवाड़ा सीट पर 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। यहां से कमलेश शाह पहले कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुने गए थे। 29 मार्च को बीजेपी जॉइन करने पर उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

### गोंगपा भी मैदान में

अमरवाड़ा उपचुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) भी मैदान में है। 17 जून को पार्टी ने देव रावेन भलावी के नाम की घोषणा की है। देव रावेन भलावी गोंगपा से लोकसभा उम्मीदवार भी थे। उन्हें 55988 वोट मिले थे। उधर, कांग्रेस जिला पंचायत सदस्य नवीन मरकाम और आंचलकुंड के सेवादार गणेश महाराज के नाम पर मंथन कर रही है।

## संपादकीय

### दुर्घटनाओं को रोकना अब भी चुनौती

पिछले कई वर्षों से रेल सेवाओं को सुंदर, सुरक्षित और सुविधानजक बनाने के दावे बढ़-चढ़ कर किए जाते रहे हैं, मगर रेल हादसों को रोकना अब भी चुनौती है। वर्ष भर पहले ही ओड़ीशा के बालासोर में तीन गाड़ियां आपस में टकरा गई थीं, जिसमें दो सौ नब्बे से अधिक लोग मारे गए। अब पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में एक मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें करीब पंद्रह लोगों के मरने और साठ से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। पीछे के जिन डिब्बों में टक्कर लगी और वे पटरी से उतर गए उनमें से दो सामान और गार्ड के डिब्बे थे। अगर उनमें भी मुसाफिर रहे होते तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना बड़ा होता। इस दुर्घटना के पीछे स्वचालित सिग्नल प्रणाली का खराब होना कारण बताया जा रहा है। जैसा कि हर दुर्घटना के बाद मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की जाती है, वह औपचारिकता निभा दी गई है, मगर असली वजह का पता नहीं चल पाया है। जिस रेल लाइन पर यह हादसा हुआ, वह पूर्वोत्तर का सबसे व्यस्त मार्ग है। कहा जा रहा है कि इस मार्ग पर अभी टक्कररोधी उपकरण कवच नहीं लगा है, वरना यह हादसा न होने पाता। हर रेल हादसे के बाद नियम-कायदों के उल्लंघन, तकनीकी खामियों आदि को लेकर मंथन चलता रहता है और आखिरकार उस पर पर्दा डाल कर किनारे कर दिया जाता है। अगर रेल विभाग सचमुच रेल दुर्घटनाएं रोकने को लेकर गंभीर होता, तो ऐसी मामूली लापरवाहियों और तकनीकी खामियों की वजह से ऐसे बड़े हादसे न होने पाते। ट्रेनों में टक्कररोधी उपकरण लगाने का प्रस्ताव करीब पच्चीस साल पुराना है। वर्तमान सरकार ने इसके लिए कवच नामक उपकरण विकसित किया और बढ़-चढ़ कर दावा किया गया कि इस उपकरण से रेल हादसे पूरी तरह रोके जा सकेंगे।मगर हकीकत यह है कि अभी तक केवल डेढ़ हजार किलोमीटर रास्ते में इस उपकरण को लगाया जा सका है। हालांकि रेल हादसे केवल गाड़ियों के टकराने से नहीं होते। कभी रेल की पटरियां उखड़ जाने से डिब्बे उतर जाते हैं, तो कभी गलत पटरी पर गाड़ियों को रवाना कर दिया जाता है, कभी सिग्नल प्रणाली ठीक न होने से गाड़ियां स्टेशन छोड़ कर आगे बढ़ जाती हैं। ज्यादातर हादसे व्यस्त मार्गों और तेज रफ्तार गाड़ियों में ही देखे जाते हैं।

**अर्ज किया है..!**

*खींच लाई है मोहब्बत*
*तिरे दर पर मुझ को*
*इतनी आसानी से वर्ना*
*किसे हासिल हुआ मैं*

*- इरशाद ख़ान सिकंदर*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**साहब दूसरा कुछ दान कर न सको तो कोई बात नहीं, पर दो मीठे बोल किसी को बोलो तो वो भी दान है। मीठे बोल, मीठी नजर, मीठा वर्तन आज के दान है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# 21 जून को दिखेगा स्ट्रॉबेरी मून

## क्या इसका हनी मून से है रिलेशन?



20 से 22 जून तक ऐसा चंद्रमा निकलने वाला है, जिसे स्ट्रॉबेरी मून कहते हैं. लेकिन इसका बेहतरीन नजारा 21 जून को देखने को मिलेगा. यह समर सोल्सटिस से एक दिन बाद निकलेगा. यह इस बार सैगिटेरियस नक्षत्र में चमकता नजर आएगा.

इस चंद्रमा के और भी कई नाम हैं. लेकिन इसे आमतौर पर स्ट्रॉबेरी मून कहते हैं. हैरानी की बात ये है कि इस चांद का 'हनीमून' से सीधा संबंध है. पहले इसके और नाम जानते हैं फिर हनीमून का खुलासा भी किया जाएगा. स्ट्रॉबेरी मून को हॉट मून, हनी मून और रोज मून भी कहा जाता है.

उत्तरी अमेरिका के एल्गोनक्विन आदिवासियों ने इसका नाम स्ट्रॉबेरी मून रखा था. क्योंकि इसी समय उत्तरी अमेरिका में स्ट्रॉबेरी फल काटने का वक्त होता है. अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री की एस्ट्रोफिजिसिस्ट जैकी फैहर्टी ने बताया कि नाम के आधार पर लोग चांद का रंग समझने की कोशिश करते हैं लेकिन ये स्ट्रॉबेरी के रंग का या लाल या गुलाबी एकदम नहीं दिखेगा. ये अपनी पीली रोशनी के साथ दिखाई देगा.

### अलग-अलग रंगों में क्यों दिखता है चांद?

जैकी कहते हैं कि यह स्वर्णिम यानी सोने के रंग जैसा पीला दिखेगा. हल्का लाल रंग का असर होगा. यह निर्भर करता है कि उस समय आपके ऊपर के वायुमंडल में किस तरह के रसायनों का प्रभाव ज्यादा है. असल में ग्रे रंग का चांद सूरज की रोशनी और वायुमंडल में मौजूद गैसों और रसायनों की वजह से अलग रंगों में दिखता है.

### धरती के नजदीक आते ही दिखता है असली चांद

जैकी ने कहा कि जब फुलमून उगता है तब उसे देखना एक अलौकिक होता है. वह भी तब जब चांद धरती के नजदीक हो. आपको उस समय चांद के पहाड़, गड्ढे, घाटियां, क्रेटर के इम्पैक्ट आदि सब दिखाई देते हैं. अब सवाल ये उठता है कि स्ट्रॉबेरी मून का हनीमून से क्या संबंध है. इसे हनीमून क्यों बुलाते हैं?

### क्या है अलग-अलग नाम के पीछे की कहानी?

स्ट्रॉबेरी मून को हॉट मून भी कहते हैं. क्योंकि यह गर्मी में निकलता है. इसे रोज मून भी कहते हैं क्योंकि इस समय दुनियाभर में कई स्थानों पर गुलाब की फसल लहराती है. नासा के मुताबिक यूरोपियन लोग इसे हनी मून भी कहते हैं, क्योंकि इस समय शहद के छत्ते तैयार हो चुके होते हैं. उसमें से शहद निकालने का समय होता है.

### शादी वाले हनीमून से भी होता है संबंध

इसका शादी वाले हनीमून से भी संबंध है. पूछिए कैसे क्योंकि हनीमून शब्द का उपयोग 1500 सदी से होता आ रहा है. इसी समय दुनियाभर में कई देशों में शादियां होती हैं. शादियों के बाद अक्सर लोग हनीमून मनाने कहीं न कहीं जाते हैं.

### चांद के नाम देश, संस्कृति और त्योहारों के नाम पर

जैकी कहती है कि दुनिया के अलग-अलग स्थानों पर लोगों ने अपनी संस्कृति, समय, त्योहार और मौके के अनुसार इसे अलग-अलग नाम दिया है. इसलिए इन नामों को सुनने और समझने में अच्छी फीलिंग आती है. आपको इनका नाम सुनकर डर या बेचैनी नहीं होगी. इसके नाम को लेकर कोई गणित, विज्ञान या तर्क नहीं लगाया गया है. यह सिर्फ लोगों की मान्यताओं पर आधारित है.

New Delhi

# जून में नहीं होगी अच्छी बारिश, IMD ने डराया धीमा मॉनसून भी जमकर देगा टेंशन

नई दिल्ली। मॉनसून की धीमी चाल की चिंताओं के बीच अब IMD यानी भारत मौसम विज्ञान विभाग ने और टेंशन बढ़ा दी है। विभाग ने जून में बारिश के पूर्वानुमान को घटाकर 'सामान्य से कम' कर दिया है। खास बात है कि विभाग ने महज 20 दिनों में ही पहले के पूर्वानुमान को बदल दिया है। हालांकि, मौसम के जानकार इसे बड़ी चिंता की बात नहीं मान रहे हैं।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम विभाग का कहना है कि जून में देश में औसत बारिश सामान्य से कम रह सकती है। बीते महीने ही मौसम विभाग ने कहा था कि जून में देश में सामान्य बारिश होगी, जो LPA का 92-108 फीसदी होगी। अब IMD का



कहना है, 'जून में मध्य, उत्तर पश्चिम और पूर्वोत्तर के कुछ इलाों में सामान्य से कम बारिश की संभावनाएं हैं।'

मॉनसून की शुरुआत जून में ही हो जाती है, लेकिन आमतौर पर 15 जुलाई तक यह पूरे देश को कवर करता है। अब जून देश की 15 फीसदी बारिश में सहायक होता है। जबकि, जुलाई और अगस्त देश के बारिश के मौसम में 35-35 फीसदी की हिस्सेदारी निभाते हैं। अखबार से बातचीत में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम राजीवन बताते हैं, 'अब यह महीना शुरुआत का है, तो जून में बारिश की कमी होना ज्यादा चिंता की बात नहीं है।'

बारिश के पूर्वानुमान में गिरावट मॉनसून की रफ्तार के भी संकेत दे सकती है। कहा जा रहा है कि पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में बारिश में देरी हो सकती है।

Jharkhand

## बहू की बहन ने रची लूट और कत्ल की साजिश... एक दिन पहले किया रिहर्सल फिर वारदात को दिया अंजाम



**रामगढ़, (एजेंसी)** झारखंड के रामगढ़ में एक महिला की फिल्मी स्टाइल में हत्या कर दी गई. हत्या के बाद आरोपियों ने घर में आग लगा दी और जेवरात लूटकर फरार हो गए. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया. जांच-पड़ताल की गई तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ. पुलिस का कहना है कि महिला की हत्या उसकी बहू की छोटी बहन ने लूट के इरादे से साजिश के तहत की थी. इस हत्याकांड में पांच लोग शामिल थे.

दरअसल, 30 मई 2024 को रामगढ़ थाना क्षेत्र के विद्यानगर में रिटायर्ड रेलवे अधिकारी अशर्फी प्रसाद की पत्नी 60 वर्षीय सुशीला देवी की दिनदहाड़े चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी. इसी के साथ घर में रखी नकदी और जेवरात लूट लिए गए थे. अपराधियों ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से घर के कमरे में आग लगा दी थी.

बदमाश घर में लगे सीसीटीवी के डीवीआर भी साथ ले गए थे. वारदात के वक्त सुशीला देवी अपने मकान में अकेली थीं. पति किसी काम से बाहर गए थे. हत्या और लूट की वारदात को एक महिला समेत पांच बदमाशों ने अंजाम दिया था.

सुशीला देवी अनजान लोगों के लिए दरवाजा नहीं खोलती थीं. वे घर की बालकनी से ही बात कर लेती थीं, हत्या के बाद जब पुलिस ने घर में जांच की तो देखा की टेबल पर रखी प्लेट में बिस्किट हैं, इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वे किचन में चाय बनाने गईं.

Uttarpradesh

## लिव-इन-रिलेशनशिप में रही लड़की, फिर बन गया नया बॉयफ्रेंड तो पुराने वाले का कर दिया कत्ल

**आगरा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के आगरा में एक लड़की ने बेसबॉल बैट से पीट-पीटकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड को मौत के घाट उतार दिया. इस वारदात को लड़की ने अपने मौजूदा प्रेमी और दोस्तों के साथ मिलकर अंजाम दिया. घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया. पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, बलवीर नाम के युवक के साथ लड़की साल 2009 से 2017 तक लिव-इन-रिलेशनशिप में रही. साल 2017 में उसने बलबीर को छोड़ दिया और सुरेंद्र चाहर नाम के युवक के साथ रहने लगी. यह बात बलवीर को नागवार गुजरी और उसने सुरेंद्र के कपड़े के शोरूम में आग लगा दी, जिससे सुरेंद्र का पूरा शोरूम खाक हो गया. इस मामले में सुरेंद्र ने FIR दर्ज कराई थी. वहीं बलवीर लगातार लड़की से मिलने का प्रयास करता रहा. इस पर बलवीर से पीछा छुड़ाने के लिए लड़की ने अपने बॉयफ्रेंड सुरेंद्र चाहर, अतुल रोहित और सोनू नाम के युवकों के साथ मिलकर साजिश रची.

Jharkhand

## झारखंड में बड़ा हादसा, टक्कर के बाद कार के उड़े परखच्चे, चार लोगों की मौत

**धनबाद, (एजेंसी)** झारखंड के धनबाद में मंगलवार की रात एक कार ट्रक से टकरा गई। भीषण एक्सीडेंट के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। यह बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के लोहारबरवा में जीटी रोड की घटना है। घटना मंगलवार की देर रात 12 बजे लोहारबरवा के पास स्नेहा क्लीनिक के सामने जीटी रोड पर हुई। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि कार को क्रेन से बांध कर उठाया जा रहा है।



बरवाअड्डा के किसान चौक की ओर से ब्रेजा कार (जेएच10 सीएल 3689) सवार पांच युवक राजगंज की ओर जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनकी कार रॉन्ग साइड में थी। इस दौरान राजगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को चपेट में ले लिया। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मृतकों में एक की पहचान जोड़ाफाटक निवासी राहुल गुप्ता व एक अन्य की पहचान गांधीनगर निवासी अंकित कुमार के रूप में हुई है। रांगाटांड़ बाजार में राहुल का चूड़ी का कारोबार है।

घटना की सूचना पाकर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य शुरू किया गया। सभी को बाहर निकलने में मशक्कत करनी पड़ी। कार के अंदर खून से लथपथ चार लोगों के शव बुरी तरह फंसे थे।

खेल

# 5 दिन में 3 मैच... कप्तान रोहित को नहीं बिल्कुल डर, बोले- कोई बहाना नहीं चलेगा

**बारबाडोस, (एजेंसी) भारतीय टीम को अब टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 राउंड में 5 दिन के अंदर 3 मुकाबले खेलने हैं. ऐसे में टीम का शेड्यूल काफी व्यस्त रहने वाला है. ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि सुपर-8 स्टेज काफी व्यस्त होने वाला है, लेकिन उनके खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं.**

भारतीय टीम सुपर-8 में अपना पहला मुकाबला 20 जून को खेलेगी. यह मैच अफगानिस्तान के खिलाफ होगा. इसके बाद भारतीय टीम को बांग्लादेश (22 जून को एंटीगा) और ऑस्ट्रेलिया (24 जून को सेंट लूसिया) के खिलाफ मैच खेलना है.

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें कप्तान रोहित ने कहा, 'पहला मैच खेलने के बाद हम अगले दो मैच तीन या चार



दिन के अंतराल में खेलेंगे. यह थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन हम इन सभी चीजों के आदी हो चुके हैं. हम बहुत यात्रा करते हैं और बहुत खेलते हैं इसलिए यह कभी बहाना नहीं बनने वाला.'

भारतीय टीम ने सोमवार को लंबे प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया, जिसमें विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया. भारतीय खिलाड़ियों ने जमकर प्रैक्टिस की.

रोहित ने कहा, 'टीम में कुछ खास करने को लेकर बहुत उत्सुकता है. यह दूसरे चरण की शुरुआत करने का एक अच्छा तरीका है. यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि हर कोई अंतर पैदा करना चाहता है और हम अपने कौशल सत्रों को काफी गंभीरता से लेते हैं. हर कौशल सत्र में हासिल करने के लिए कुछ होता है.'

आयोजकों द्वारा इस्तेमाल की गई ड्रॉप इन पिचों (दूसरे स्थान पर तैयार करके लाई गई पिच) के कारण भारतीय टीम को अमेरिकी चरण के दौरान प्रतिकूल बल्लेबाजी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा. रोहित ने कहा कि कैरेबियाई चरण अपने साथ परिस्थितियों से पहचान की भावना लेकर आता है और उनकी टीम इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करेगी.

उन्होंने कहा, 'हमने यहां बहुत सारे मैच देखे हैं, हमने यहां बहुत सारे मैच खेले हैं. इसलिए हर कोई समझता है कि परिणाम को अपने पक्ष में करने के लिए क्या करना है.' भारतीय टीम ने लीग चरण में आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया, जबकि कनाडा के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप मैच फ्लोरिडा में गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया.

सिनेमा

## 'द ब्लफ' की शूटिंग में बाल-बाल बचीं प्रियंका चोपड़ा! स्टंट करने के दौरान गर्दन पर लगी चोट



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी अगली फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट पर जख्मी हो गईं. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस को अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में लगातार अपडेट देती रहती हैं. प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो पोस्ट की है जिसमें उनकी गर्दन पर बड़ा सा कट का निशान नजर आ रहा है. एक्ट्रेस के फैंस प्रियंका चोपड़ा की यह तस्वीर देखकर परेशान होते नजर आए. ढेरों लोगों ने फिक्र में PC को मैसेज कर दिया कि उन्हें चोट कैसे लगी और क्या वह ठीक हैं?

हालांकि प्रियंका ने चोट की वजह और यह कितनी गंभीर हो सकती थी इस बारे में कुछ नहीं बताया है, लेकिन जिस तरह के चोट गर्दन पर लगी है, उससे फैंस मानकर चल रहे हैं कि यह इंजरी सीरियस भी हो सकती थी. प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर यह तस्वीर लगाते हुए कैप्शन में लिखा- प्रोफेशनल फ्रंट पर मेरे साथ होने वाली आफतें. इसके आगे एक्ट्रेस ने फिल्म का नाम लिखा है और बताया है कि वह स्टंट कर रही थीं जब उन्हें चोट लगी.

मालूम हो कि प्रियंका चोपड़ा इन दिनों फिल्म The Bluff की शूटिंग कर रही हैं. एक्ट्रेस ने पिछले दिनों ही इस फिल्म के बारे में अनाउंस किया था और करंट सीक्वेंस की शूटिंग के लिए वो ऑस्ट्रेलिया में हैं. मालूम हो कि शादी के बाद से प्रियंका चोपड़ा अमेरिका में ही रह रही हैं. प्रियंका चोपड़ा ने हॉलीवुड में काम की शुरुआत टीवी शो 'क्वांटिको' के जरिए की थी.

## Highlights

1. Homeopath pays ₹16 lakh for MBBS seat, gets 'degree' in a month in Gujarat
2. 'Oh, you defeated me,' says Patnaik & smiles as he meets BJP MLA
3. Rajya Sabha MP's daughter runs BMW car over man, killing him in Chennai; gets bail
4. 57-yr-old iconic Hollong Bungalow in Bengal engulfed in massive fire
5. What is the average rent in India's top cities like Bengaluru & Mumbai?

# Zerodha's Nithin Kamath is very worried about the food we eat: 'Is atta safe...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Nithin Kamath- Zerodha co-founder- said that it is important to question what goes into our food. He wrote in a post on X (formerly Twitter), "Is the atta we consume safe or does milk have harmful antibiotics. To get answers, we would try to find domain experts and entrepreneurs, and some of the answers we often got weren't pretty."

This led to the birth of Rainmatter Health, an initiative aimed at helping Indian startups make the nation healthier, Nithin Kamath said.

"We were already supporting fintech startups; why not do the same for health?" he explained.

Over the past few years, Rainmatter Health has invested over ₹150 crore in startups such as Akshayakalpa, Two



Brothers Organic, and The Whole Flour. He said, "All these startups are trying to fix the food items that Indians consume the most: staples, milk, wheat flour, eggs, and more. We've not only invested in them but also consume products from the same brands."

He added, "A happy coincidence is that some of these startups are also working with small farmers and improving their livelihood. So yeah, all this started with asking questions."

In an earlier post, the Zerodha boss also talked about high sugar content and adulteration in many food items sold across India. He then said, "We Indians need to question what goes into the food we consume. The more we ask, the better choices we will have. The sugar content in most of our food is ridiculous. Adulteration in food items like masalas, milk and protein. And then there are substandard chemicals used in food coloring and preservatives in fruits and vegetables. They are all slowly killing us. This applies to both packaged foods and food from many restaurants."

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# Adani Ports now world's largest transport op and services firm with $37 billion market cap

**NEW DEIHI, (Agency).** Adani Ports & Special Economic Zone soared to a market value of almost $37 billion to surpass Beijing-Shanghai High Speed Railway and become world's largest transport operations and services provider. This comes as the company as witnessed increasing cargo volumes and inclusion in India's S&P BSE Sensex Index.

Deven Choksey, managing director at DRChoksey FinServ said, "This marks the start of a new journey for Adani Ports" as the company is now



generating significant cash and efficiently handling millions of metric tons of cargo. In the year ending March 31, Adani Ports handled 27% of India's total cargo and 44% of container cargo as per a company statement. The volume rose by 24% from the previous year, it said.

Adani Ports is also set to be included in India's benchmark equity index which is expected to attract $252 million in inflows, as per Nuvama Alternative & Quantitative Research.

Bloomberg Intelligence analyst Denise Wong, however, said that there are potential risks in the sock following Lok Sabha elections. The stock fell over 20% on June 4 after Prime Minister Narendra Modi NDA's alliance secured a narrow majority.

# मंदिर में मिले मांस के टुकड़े

## पुलिस अधिकारी बल के साथ मौके पर पहुंचे, पुलिस बोली- कुत्ते कहीं और से लाए टुकड़े







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद इलाके में बुधवार सुबह एक मंदिर में मांस के टुकड़े मिले हैं। सूचना के बाद पुलिस बल पहुंचा है। मंदिर की सफाई करवाई जा रही है।**

मामला स्कीम नंबर 94 का है। यहां एक शिव मंदिर पर मांस के टुकड़े मिलने के बाद सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही एसीपी आशीष पटेल और टीआई नीरज मेड़ा सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे। चारों तरफ से बैरिकेड्स लगाकर ट्रैफिक की आवाजाही रोक दी गई। मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे गए। टीआई नीरज मेड़ा का कहना है कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार कुछ कुत्तों ने वहां शव के टुकड़े लाकर डाले हैं। संभवत. वे कहीं और से लाकर यहां खा रहे होंगे। फिर भी पूरे मामले की जांच की जा रही है।

दरअसल शहर के अल्पसंख्यक बहुल इलाके में एक मंदिर में मवेशी के टुकड़े मिलने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। हालांकि बाद में पता चला कि किसी श्वान ने ही मवेशी के शरीर के कुछ हिस्से यहां लाकर पटक दिए थे। तब मामला शांत हुआ। पुलिस ने वीडियो जारी कर स्पष्ट किया कि मांस के टुकड़े श्वान लेकर आया था। इसमें किसी प्रकार की शरारत नहीं है।

# डॉक्टर को लूटने वाला एक आरोपी पकड़ाया अन्य की तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में एक डॉक्टर को बदमाशों ने योजना बनाकर लूट लिया। एक आरोपी डॉक्टर के पास पहुंचा और कहा कि मां की तबियत खराब होने का बहाना बनाकर सूनसान जगह पर ले गया, जहां अपने दो साथियों के साथ मिलकर डॉक्टर से मारपीट करते हुए लूटकर भाग निकले। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी को धरदबोचा, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।**

डीसीपी ऋषिकेश मीना जोन -4 एडिशनल डीसीपी आनंद यादव के मुताबिक लूट की वारदात डा. अली असगर नईम, निवासी वीरसावरकर नगर, माणिक बाग रोड, खातीवाला टैंक के साथ हुई। वे पेशे से फैमिली फिजिशियन हैं। डॉ. अली ने द्वारकापुरी थाने में अपने साथ हुई लूट की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि सोमवार शाम करीब 06.30 बजे वे अपने क्लीनिक से घर जा रहे थे। दस्तूर गार्डन के सामने, अपनी मोटरसाईकल रोककर बहन से बात करने के दौरान, एक मोटा तगड़ा व्यक्ति सफेद कपड़ा सिर पर बांधे और नीले रंग की टीशर्ट एवं हॉफ पैंट पहने उनके पास आया और अपनी मां की तबीयत खराब होने की बात कही। व्यक्ति की बातों पर विश्वास करके, डा. अली उसकी मदद के लिए तैयार हो गए और उसके साथ गोंदवाले धाम रोड के पास खाली मैदान इन्दौर चले गए।

### मारपीट कर जेब से पर्स निकाला

वहां पहुँचने पर, दो अन्य व्यक्ति आ गए और डा. अली के साथ मारपीट करने लगे। एक व्यक्ति ने डा. अली असगर पैंट की बाई जेब से पर्स निकाल लिया, इसके बाद मोटा तगड़ा व्यक्ति डा. अली का मोबाइल फोन जबरदस्ती निकाल लिया और उनसे पेटीएम का पासवर्ड खुलवा लिया।

### बिना नंबर की बाइक छोड़कर भागे

डा. अली के चिल्लाने पर पास से ही जा रहे मनोज मिश्रा और अन्य लोग मौके पर पहुंचे, जिससे तीनों आरोपी बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गए।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाले

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर द्वारकापुरी थाना प्रभारी आशीष सप्रे की टीम ने घटना स्थान और उसके आस पास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने एवं घटना स्थल के आस पास के लोगो से पूछताछ की और आरोपियों का सुराग मिलते ही आरोपी हर्ष उर्फ़ भय्यू पिता लोकेन्द्र भंवर (22) निवासी 220 साई बाबा नगर को धरदबोचा। अन्य दो आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

# टास्क के नाम पर महिला से ठगी

## ऐप के माध्यम से जमा कराई राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वर्क फार्म होम का टास्क देकर महिला से ठग ने लाखों रुपए ऐंठ लिए। महिला ने ठग के झांसे में आकर ऐप के माध्यम से राशि जमा कर दी।**

जोन एक के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक शर्मा के अनुसार, साइबर हेल्प डेस्क पर पुष्प विहार श्री धाम कालोनी लिंबोदी में रहने वाली महिला ने शिकायत दर्ज कराई की वह सिमरोल में पोल्ट्री फार्म में काम करती है। 10 जून के उसके वाट्सअप पर वर्क फार होम की लिंक आई। जब महिला ने लिंक खोली तो उसने ऐप खुला। ऐप में उल्लेख था कि टास्क पूरा करने पर उसे बेहतर लाभांश दिया जाएगा। महिला ने लालच में आकर 210 रुपए जमा करते हुए टास्क पूरा किया तो उसे 480 रुपए कमीशन के प्राप्त हुए। इसके बाद ठग ने कहा कि छह ओर टास्क पूरा करें। इस तरह महिला एक लाख 8 हजार 700 रुपए जमा करा चुकी थी। उसके ऐप पर दो लाख 39 हजार 700 रुपए दिख रहे थे।

जब महिला ने ठग से कहा कि यह राशि मेरे खाते में ट्रांसफर की जाए। इस पर ठग ने कहा कि उसकी कंपनी अमेरिका के यूएसए में है। एक साथ राशि लेने के लिए उसे बताए गए बैंक खाते में 69 हजार रुपए भेजना होंगे। महिला को शक हुआ तो उसने 69 हजार रुपए नहीं भेजे।

महिला को दो दिन बाद 12 जून को फिर ठग ने कन्वेंश किया। इस बार किसी पिंकी गुप्ता के नाम से मैसेज आया। इसमें कहा कि अभी हम तुम्हारे खाते में 48 हजार रुपए भेज रहे हैं, इसे तुम(पीडिता) दूसरे( अन्य आरोपी) के खाते में ट्रांसफर कर दिया। इस पर पीडिता ने सोचा कि मुझे तो केवल 48 हजार रुपए ट्रांसफर करना है, उसने अन्य आरोपी के खाते में राशि भेज दी। लेकिन पीडिता को दो लाख 39 हजार 700 रुपए नहीं मिल सके। शिकायत के बाद पुलिस ने महिला के बैंक खाते को सीज कर दिया है।

आमतौर पर ठग पैसा ऐंठने के बाद मोबाइल बंद कर लेते हैं। लेकिन, इस मामले में ठग ने नया तरीका अपनाया। उसने पीडिता को भी अपने अपराध में शामिल कर लिया। महिला ने जब ठग द्वारा भेजे गए 48 हजार रुपए अन्य आरोपी के खाते में जमा कराए तो यह भी अपराध की श्रेणी में आता है। यानि, महिला ने ठगी की राशि दूसरे ठग को ट्रांसफर कर दी। हालांकि, पुलिस ने महिला को आरोपी नहीं बनाया है।

## पुलिस ने बच्चों का किया रेस्क्यू

**इंदौर।** जूनी इंदौर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मंगलवार को 18 सिख नाबालिग बच्चों के रेस्क्यू किया है। एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि बच्चों को बड़वानी से अशोक पंवार और नवीन चौहान गाड़ी में लेकर आए थे। बच्चों को लुधियाना में गुरुमत ज्ञान कॉलेज में पढ़ाई के लिए ले जाया जा रहा था। सभी बच्चे दो साल से लुधियाना के कॉलेज में पढ़ते हैं, ये छुट्टियों में अपने घर आए थे। जो इन्हें ले जा रहे थे, वे उन्हें रेलवे स्टेशन छोडऩा चाह रहे थे। यहां से लुधियाना जाते। इनके पास टिकट नहीं था इसलिए सभी बच्चों को सीडब्लूसी के हवाले कर उनके परिजन को बड़वानी से इंदौर के लिए बुलाया है।

## आपस में भिड़े दो युवक

**इंदौर।** बडगोंदा क्षेत्र के ग्राम नांदेड में रहने वाले युवक को आरोपियों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। आशीष पिता सुभाष की शिकायत पर कश्मीर और राकेश के खिलाफ केस दर्ज किया। आशीष ने पुलिस को बताया कि घर के काम का नहीं करने की बात को लेकर उसका आरोपियों से विवाद हो गया था। इस पर आरोपी ने उसके साथ में गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपी मारपीट करने लगे। आरोपियों के साथी ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से कश्मीर की शिकायत पर आशीष के खिलाफ केस दर्ज किया। कश्मीर का कहना है कि अपने उसके दोस्त राकेश के साथ आरोपी को समझाने के लिए गया। वह उसके साथ में गाली गलौज कर रहा था। इस पर आरोपी उसके साथ ही विवाद करने लगा। विवाद बढा तो उसके साथ में मारपीट कर दी। जब काजल उसे बचाने के लिए आई तो आरोपी ने उसे भी पीट दिया।

## चेम्बर के खुले ढक्कन से युवती गिरकर घायल

### रैमकी इंफ्रास्ट्रक्चर पर 1 लाख रु. की पेनल्टी, सब इंजीनियर को भी नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मानवता नगर में चेम्बर का ढक्कन नहीं होने से रात को एक दोपहिया वाहन सवार युवती गिरकर घायल हो गई। मामले में मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने ढक्कर रखरखाव के लिए जिम्मेदार रैमकी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. हैदराबाद पर 1 लाख रु. की पेनल्टी लगाई है। सब इंजीनियर सुस्मिता कर्णिक को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि इस लापरवाही के लिए क्यों न उन पर 5 हजार रु. का दंड लगाया जाए। दुर्घटना 18 जून को हुई थी। यहां से गुजर रही अदिति चौहान चेम्बर के खुले ढक्कर के कारण गिर गई थी। इससे उनके कंधे की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया। मेयर ने नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से समय-समय पर चेंबर के ढक्कन को तत्काल रिपेयर करने, कहीं गड्ढा करना हो तो वहां बैरिकेटिंग कर साइनेज लगाने आदि के निर्देश दिए हैं। निर्देशों की अवेहलना करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक